प्रादेशिक समाचार एकांश

आकाशवाणी भोपाल

दिनांक 15.10.2024    समय: 7.10 PM

**मुख्य समाचार...**

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आर्टिफिशयल इंटेलीजेंस के नैतिक इस्तेमाल का किया आह्वान।
- प्रदेश की बुधनी और विजयपुर विधानसभा सीट पर 13 नवंबर को होगा मतदान, मतगणना 23 नवंबर को होगी।
- चिकित्सकीय और सहायक चिकित्सकीय पदों में भर्ती की प्रक्रिया प्राथमिकता से पूर्ण करने के निर्देश ।
- प्रदेश समेत पूरे देश से आधिकारिक रूप से विदा हुआ मानसून, स्थानीय प्रभाव से जारी है बूंदा बांदी ।

**प्रधानमंत्री दूरसंचार**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आर्टिफिशयल इंटेलीजेंस के नैतिक इस्तेमाल का आह्वान करते हुए इस बात पर जोर दिया है कि सुरक्षा, सम्मान और समानता सभी चर्चाओं के केंद्र में होनी चाहिए। प्रधानमंत्री ने डिजिटल प्रौद्योगिकी के लिए वैश्विक ढांचा की स्थापना के महत्व को भी दोहराया। प्रधानमंत्री ने आज नई दिल्ली के भारत मण्डपम में अंतरराष्ट्रीय दूरसंचार संघ-आईटीयू की विश्व दूरसंचार मानकीकरण सभा 2024 का उद्घाटन करते हुए कहा कि भारत दूरसंचार और उससे संबंधित प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अभी दुनिया का सबसे अधिक गतिशील देश है।

विश्व दूरसंचार मानकीकरण सभा एक प्रमुख वैश्विक आयोजन है, जिसमें एक सौ 90 देशों के दूरसंचार, डिजिटल तथा सूचना और संचार प्रौद्योगिकी क्षेत्र के तीन हजार से अधिक उद्योगपति, नीति निमार्ता और तकनीकी विशेषज्ञ एक मंच पर एकत्रित होते हैं।

**सिंधिया दूरसंचार**

केन्द्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने इस अवसर पर कहा कि भारत 6जी प्रौद्योगिकी के विकास में दुनिया का नेतृत्व करने के लिए तैयार है। उन्होंने बताया कि पिछले तीन वर्षों में

सरकार ने दस अरब डॉलर का निवेश किया है और देश के ग्रामीण क्षेत्रों में सात लाख किलोमीटर फाइबर नेटवर्क तैयार किया गया है।

## निर्वाचन आयोग चुनाव कार्यक्रम

निर्वाचन आयोग ने 288 सदस्यीय महाराष्ट्र और झारखंड विधानसभा चुनाव के कार्यक्रम की आज घोषणा कर दी। उन्होंने कहा कि मप्र सहित विभिन्न राज्यों की 47 विधानसभा सीटों के लिए भी 13 नवम्बर को उपचुनाव होंगे। प्रदेश की बुधनी और विजयपुर विधानसभा सीट पर भी 13 नवंबर को मतदान होगा जबकि मतगणना 23 नवंबर को होगी। दोनों सीटों के लिए नामांकन 18 से 25 अक्टूबर तक किए जा सकेंगे। नामांकन पत्रों की जांच 28 अक्टूबर को होगी। वहीं, 30 अक्टूबर तक नाम वापस लिए जा सकेंगे।

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए 20 नवम्बर को एक ही चरण में वोट डाले जाएंगे। झारखंड विधानसभा चुनाव 13 और 20 नवंबर को दो चरणों में होंगे। दोनों राज्यों की मतगणना 23 नवम्बर को होगी। मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने नई दिल्ली में चुनाव कार्यक्रम की घोषणा की। एग्जिट पोल पर कटाक्ष करते हुए उन्होंने इसकी समीक्षा की बात की.

## ग्वालियर दीक्षांत समारोह

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि विद्यार्थी भावी जीवन में निरंतर सीखने की भावना जागृत रखें. उन्होंने कहा कि विद्यार्थी यह संकल्प भी लें कि जीवन के उतार-चढ़ाव और विपरीत परिस्थितियों में भी अपने आदर्शों, ज्ञान और आचरण के उच्चतम प्रतिमानों का निष्ठा के साथ पालन करेंगे। राज्यपाल ने यह बात जीवाजी विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में कही। राज्यपाल ने जीवाजी विश्वविद्यालय के आठ शिक्षण विभागों को सेंटर ऑफ एक्सीलेंस का दर्जा एवं सरकार की पीएम उषा योजना के तहत 100 करोड़ रूपए का अनुदान मिलने पर बधाई दी।

दीक्षांत समारोह में पद्मभूषण डॉ. विजय पी. भटकर को डॉक्टर ऑफ साइंस की मानद उपाधि और साहित्यकार व वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. नरेन्द्र नाथ लाहा को डीलिट् की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया। साथ ही 81 विद्यार्थियों को 126 गोल्ड मैडल, 297 विद्यार्थियों को पीएचडी एवं 397 विद्यार्थियों को स्नातकोत्तर उपाधियाँ प्रदान की गईं।

## पुनर्गठन-सागर समीक्षा

मध्यप्रदेश प्रशासनिक इकाई पुनर्गठन आयोग परिसीमन आयोग के सदस्य सेवानिवृत्त अपर मुख्य सचिव मध्यप्रदेश श्री मनोज श्रीवास्तव ने आज पुनर्गठन को लेकर सागर संभाग की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने कहा कि पुनर्गठन में जन प्रतिनिधियों और आमजनों की राय से ही प्रस्ताव तैयार करें और नागरिकों की सुविधा का विशेष ध्यान रखा जाए।

इस अवसर पर संभाग कमिश्नर डॉ. वीरेंद्र सिंह रावत, अपर कमिश्नर पवन जैन, कलेक्टर संदीप जी आर सहित सागर संभाग के जिलों के कलेक्टर मौजूद थे। परिसीमन आयोग के सदस्य मनोज श्रीवास्तव ने कहा कि पुनर्गठन के दौरान सीमांकन करते समय जीपीएस एवं गूगल मैप का भी प्रयोग करें जिससे कि वस्तु की स्थिति एवं दूरी ज्ञात हो सके।

## चिकित्सा विभाग भर्ती

उप मुख्यमन्त्री राजेन्द्र शुक्ल ने निर्देश दिये हैं कि लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग में चिकित्सकीय एवं सहायक चिकित्सकीय पदों में भर्ती की प्रक्रिया प्राथमिकता से पूर्ण की जाये। उन्होंने कहा कि औपचारिकताओं की पूर्ति में किसी भी प्रकार का विलंब नहीं होना चाहिए। श्री शुक्ल ने आज में लोक सेवा आयोग एवं कर्मचारी चयन मंडल द्वारा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विभाग में की जाने वाली चयन प्रक्रिया की स्थिति की समीक्षा की। उल्लेखनीय है कि स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग में 33 हज़ार 118 पदों में भर्ती प्रक्रियाधीन है।

## सोलर पॉवर-जनजातीय कार्य विभाग

जनजातीय कार्य विभाग के अधीन सभी छात्रावास, आश्रम शालाएं, कन्या शिक्षा परिसर, क्रीड़ा परिसर सहित अन्य विशिष्ट श्रेणी की संस्थायें अब सोलर पॉवर से जगमगाएंगी। विभाग द्वारा अधीनस्थ 2 हजार 378 संस्थाओं में सोलर पॉवर सिस्टम की स्थापना करने के लिये 156 करोड़ 88 लाख रूपये से अधिक का व्यय प्रस्ताव मंजूरी के लिये भेजा जा रहा है। सोलर पॉवर सिस्टम लगने से इन सभी संस्थाओं में स्मार्ट क्लासेस, स्मार्ट लैब लगाने तथा नई तकनीकों से विद्यार्थियों को स्कूली परीक्षा सहित प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी से जोड़ने में भी सुविधा होगी।

विभाग ने इन सभी विभागीय संस्थाओं में आंतरिक एवं बाहरी सुरक्षा की रेग्यूलर मॉनिटरिंग के लिये सीसीटीवी कैमरे लगाने का प्रस्ताव भी तैयार किया है।

## वन स्टाप सेंटर कार्यशाला

महिला बाल विकास विभाग द्वारा वन स्टाप सेंटर के प्रशिक्षकों और काउंसलर्स के लिये 2 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला कल और 17 अक्टूबर को भोपाल में आयोजित की जा रही है। महिला बाल विकास आयुक्त श्रीमती सूफिया फारूखी कार्यशाला का शुभारंभ करेंगी। प्रशिक्षण कार्यशाला में प्रशासक संवेदीकरण, मनोवैज्ञानिक परामर्श, नये कानूनों में संशोधन, जेंडर संवेदीकरण, फेमिली काउंसलिंग एवं दस्तावेजीकरण जैसे विषयों पर विस्तृत चर्चा की जायेगी। प्रदेश में किसी भी प्रकार की हिंसा से प्रभावित महिलाओं एवं बालिकाओं को एक ही स्थान पर आपातकालीन एवं गैर आपातकालीन सहायता एवं परामर्श उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 57 वन स्टाप सेंटर संचालित हैं।

**मौसम**

प्रदेश समेत पूरे देश से आज आधिकारिक रूप से मानसून विदा हो गया। मौसम विभाग ने मानसून की विदाई की घोषणा भी कर दी है।

वहीँ, प्रदेश के बुरहानपुर, धार, खंडवा, मंडला, छिंदवाड़ा और बैतूल को छोड़कर बाकी जिलों से मानसून पहले ही लौट चुका था। लेकिन, बारिश कराने वाले सिस्टम की सक्रियता से प्रदेश में बारिश हो रही है । आज भी इंदौर, उज्जैन समेत 13 जिलों में इसका असर दिखा । मौसम विभाग ने अगले 24 घंटे में इंदौर, उज्जैन, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, बालाघाट और अनूपपुर सहित दर्जन भर जिलों में हल्की बारिश और गरज-चमक की सम्भावना व्यक्त की है ।

**समाचार संक्षेप में...**

- नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने आज सतना में अधिकारियों की परिचयात्मक बैठक लेते हुए कहा कि जिले में चल रहे निर्माण और विकास परियोजनाओं के कार्य निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाना चाहिए।
- खंडवा में आज जसवाड़ी स्थित सूक्ता में निर्माणाधीन वाटर प्लांट का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान वाटर प्लांट के अंतर्गत बन रहे सभी छोटे-बड़े संयंत्रों की गुणवत्ता की जांच की गई।
- सागर में संभाग आयुक्त डॉ वीरेंद्र सिंह रावत ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट के एवज में राशि मांगने के मामले में डॉ दीपक दुबे को निलंबित कर दिया है.
- 4. मुरैना जिले हानिकारक पटाखों के निर्माण, भंडारण, परिवहन, विक्रय आदि पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। और
- अशोकनगर में कक्षा में अनुपस्थित पाए गए 116 शिक्षकों को कलेक्टर द्वारा कारण बताओं नोटिस जारी किये गये है।

--------------